आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

17.07.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में 'मेक इन इंडिया' के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर आगे बढ़ने की सराहना की है।
- पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर कल से हृदय रोग से संबंधित निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- क्वालालम्पुर से पोर्ट ब्लेयर के बीच इस वर्ष नवम्बर माह से अंतर्राष्ट्रीय विमान संचालित होने की संभावना है।
- जी बी पंत अस्पताल में अस्पताल प्रशासन के कामकाज में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कल से डीब्रेट में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में 'मेक इन इंडिया' के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर आगे बढ़ने की सराहना की है। पोस्ट में मेक इन इंडिया की झलक दिखलाते हुए बताया गया कि भारतीय साइकिलों की दुनियाभर में मांग हो रही है। ब्रिटेन, जर्मनी और नीदरलैंड्स में निर्यात बढ़ा है। पोस्ट के अनुसार, बिहार में बने जूतों का इस्तेमाल अब रूसी सेना कर रही है। इतना ही नहीं, जैसे–जैसे क्रिकेट विश्व कप नजदीक आया, कश्मीर में बने बल्ले की भारी मांग होने लगी। वहीं, अमरीकी बाजार में अमूल अपने उत्पाद उतारकर भारत के अनूठे स्वादों को दुनियाभर में पहुंचा रहा है। भारत की यूपीआई प्रणाली अब वैश्विक बन गई है, जो कई देशों में निर्बाध डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाती है। भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम से बनी ब्रह्मोस मिसाइलें अब दक्षिणी चीन सागर में तैनात हैं। यह विकास भारत की रणनीतिक रक्षा क्षमताओं और वैश्विक सुरक्षा को बढ़ाने में देश की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। इसके अलावा, अमेज़ॉन की ब्लैक फ्राइडे और साइबर मंडे बिक्री में भारतीय उत्पादों का दबदबा है, जो उनकी वैश्विक अपील को उजागर करता है। मेक इन इंडिया का प्रभाव अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। इस कार्यक्रम में उत्पादन में बढ़ोतरी, निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और मजबूत विनिर्माण बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बल देकर देश की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी है। इससे देश में लाखों रोजगार के अवसर भी पैदा करने में मदद मिली है। इस कार्यक्रम के तहत, निर्माता, उत्पादों का स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इससे उन्हें कम लागत पर घरेलू जरूरतों के अनुसार उत्पादों के डिजाइन और निर्माण करने में मदद मिलती है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर कल से हवाई अड्डा परिसर में हृदय रोग से संबंधित निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह कल सुबह दस बजे रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष अट्ठारह जुलाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया था। इन एक वर्षों के दौरान भारतीय विमानन प्राधिकरण की ओर से कई कदम उठाए गए हैं और निवेश किया गया है, ताकि जमीनी और हवाई नेवीगेशन संरचनाओं को सुदृढ़ किया जा सके। चालीस हजार आठ सौ सैंतीस वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले नए एकीकृत भवन में भीड़–भाड़ के समय करीब बारह सौ यात्रियों को संभालने की क्षमता है और सालाना पचास लाख यात्री

आ–जा सकेंगे। पिछले एक वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने डॉप्लर वेरी हाई फिक्वेंसी ओमनी रेंज का विकास किया है। इससे हवाई नेवीगेशन को सक्षम बनाया गया है, जो इसकी विश्वसीनयता को और मजबूत करता है। इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम के शुरू हो जाने से अब कम रोशनी और खराब मौसम की स्थिति में भी रात के समय में नागरिक विमान संचालन आसान हो गया है। उड़ान योजना के तहत शिबपुर और कार निकोबार में टर्मिनल भवनों का निर्माण पूरा हो गया है और जल्द ही इन द्वीपों के बीच उन्नीस सीटर फिक्स्ड विंग विमान संचालित होंगे। अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवा को शुरू करने की दिशा में भी प्रगति हुई है। उम्मीद की जाती है कि इस वर्ष नवम्बर में क्वालालम्पुर से पोर्ट ब्लेयर के लिए अंतर्राष्ट्रीय उड़ान संचालित हो सकती है। कल से बीस जुलाई तक चलने वाले स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग से संबंधित बीमारियों का इलाज किया जाएगा। दिए गए मेल पर मरीज इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन विवरण जमा कर सकते हैं। पहले साढ़े चार सौ पंजीकरण कराने वालों की ही जांच कराने की योजना बनाई गई है।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप के लिए एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना का मसौदा तैयार करने के लिए कल जन–सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुनवाई का यह कार्यक्रम कल दिन में साढ़े दस बजे टैगोर कॉलेज के सभागार में होगा।

<><><><><><><>

जी बी पंत अस्पताल में अस्पताल प्रशासन के कामकाज में व्यवधान उत्पन्न करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए ऐसे लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मरीजों, उनके सहायकों और अन्य कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अस्पताल में अब फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी या अन्य ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम जनता को मरीजों की देखभाल सेवा तथा अन्य दैनिक महत्वपूर्ण सूचनाओं को देने के लिए एक जन–संपर्क अधिकारी डॉ. जय बिश्वास को नियुक्त किया गया है और इनका मोबाइल नम्बर भी जारी किया गया है। इससे जी बी पंत अस्पताल परिसर और आस–पास के क्षेत्र में कामकाज के माहौल को बेहतर बनाया जा सकेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कल से डीब्रेट में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण व कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन के उच्च शिक्षा विभाग और दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित होने वाले इस कार्यशाला का कल दिन में दस बजे उद्घाटन होगा। दिल्ली विश्वविद्यालय से स्रोत अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यशाला के माध्यम से उच्च शिक्षा के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। द्वीपसमूह के विभिन्न भागों से करीब पचास संकाय सदस्यों के इसमे भाग लेने की संभावना है। डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहा है। पुलिस की अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस स्टेशन ने इस मामले में नौ लोगों की गिरफ्तारी की है। इनमें से पहले ही कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी थी। पन्द्रह जुलाई को लिटिल अंडमान के रामकृष्ण पुर के दीपांकर मंडल नामक बाईस वर्षीय एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया। इन पर नशीले पदार्थ खरीदने के लिए वित्तीय सहयोग देने का आरोप है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए अतिथि प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जाएगी। हिन्दी, तमिल, तेलुगू, बांग्ला, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र जैसे कई विषयों के लिए चुने जाने वाले अतिथि प्रवक्ताओं को प्रति लेक्चर पन्द्रह सौ रूपये दिए जाएंगे, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रूपये तक होगी। निर्धारित योग्यताधारक उम्मीदवार दस्तोवज पांच अगस्त तक कॉलेज के प्राचार्य के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**<><><><><><>**

राज्य आयुष सोसाइटी में जीडीएमओ आयुर्वेद होमियो तथा सीएचओ होमियो और वित्त परामर्श के पद के लिए साक्षात्कार अब इक्कतीस जुलाई को दिन में दस बजे से स्वास्थ्य आयुक्त के कक्ष में लिया जाएगा। अन्य पदों के साक्षात्कार के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

**<><><><><><>**

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक अड़तालीस दशमलव एक मिलीमीटर, मायाबंदर में छब्बीस, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में चौबीस दशमलव छः, लांग आइलैंड में तेईस दशमलव छः, हटबे में सत्रह दशमलव दो, कार निकोबार में पन्द्रह और ननकौड़ी में तेरह दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा हुई। तेईस जुलाई तक मौसम संबंधी कोई विशेष चेतावनी नहीं है। तेज हवाओं और समुद्र के अशांत रहने के कारण मछुआरों को बीस जुलाई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><>**